Regarding cancer cases in Assam

श्री कामाख्या प्रसाद तासा **(**काजीरंगा**) :** सर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मैं एक सीरियस मेटर यहां पर रेज़ करना चाहता हूं । असम एक ऐसी स्टेट है, जहां फर्टिलाइज़र और केमिकल्स ज्यादा यूज़ नहीं होते हैं, फिर भी वहां कैंसर का प्रभाव देखा जा रहा है । यह ऑल इंडिया रेट से बहुत ज्यादा है । ऑल इंडिया रेट 81.2 है, जबकि असम का 90.1 है । मैं आपके माध्यम से हेल्थ मिनिस्टर से रिक्वैस्ट करता हूं कि असम में इस बारे में कुछ न कुछ व्यवस्था की जाए । असम सरकार ने वर्ष 2018 में असम कैंसर केयर फाउंडेशन बनाया है । इससे 17 अस्पतालों की व्यवस्था की गयी है । इसके अलावा डॉ. भुवनेश्वर बरुआ कैंसर इंस्टिट्यूट है, नॉर्थ-ईस्ट कैंसर हॉस्पिटल है, फिर भी मैं आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश करना चाहता हूं कि हेल्थ मिनिस्ट्री स्टडी करे कि वहां कैंसर क्यों बढ़ रहा है? असम में कैंसर का प्रभाव ज्यादा क्यों हो रहा है? वहां बहुत ज्यादा केसेस कैंसर के मिल रहे हैं । कैंसर के कारण बिलो पॉवर्टी लाइन के लोगों को बहुत दिक्कत होती है । आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी ने बहुत सहायता दी है, लेकिन फिर भी बिलो पॉवर्टी लाइन के लोगों को दिक्कत होती है । मेरी एक रिक्वैस्ट है कि असम में एक स्पेशल ड्राइव कैंसर के ऊपर चलायी जाए, जिस तरह से ?टीबी हारेगा, देश जीतेगा? अभियान है, इसी तरह का एक अभियान कैंसर के लिए भी चलाया जाए । धन्यवाद ।